राजकीय कॉलेज विकास समिति की बैठक आयोजित

भास्कर न्यूज़ | सिरोही

शहर के पीजी कॉलेज में बुधवार को कॉलेज विकास समिति की बैठक सांसद देवजी एम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य उदयसिंह मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्राचार्य मीणा ने कहा कि में भूगोल, अर्थ शास्त्र, जीव विज्ञान एवं आर्थिक व व्यवसायिक प्रशासन विषयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शीघ्र ही विकास फंड से स्थानीय स्तर पर उपलध शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में समिति के विशिष्ठ सदस्य सांसद देवजी पटेल ने बैठक में विधि महाविद्यालय के मुद्दे पर चर्चा कर हल निकालने के निर्देश दिए और कॉलेज में कक्षा कक्ष बनाने को कहा। महाविद्यालय में फर्नीचर, बैंच, कैंटीन व्यवस्था एवं शारीरिक शिक्षक लगाने आदि मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस मौके समाजसेवी मुकेश मोदी ने कॉलेज परिसर में वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर लगाने के लिए तकमीना प्राप्त होने पर धन राशि उपलध कराने का आश्वासन दिया तथा ऑडिटोरियम का अवलोकन भी किया। बैठक में सदस्य सचिव प्रोफेसर के.के. मिश्रा, शिक्षाविद् वी.के.त्रिवेदी, उपजिला प्रमुख कानाराम, छात्रसंघ अध्यक्ष नारणाराम चौधरी व महासचिव मानसी राठौड़ समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सिरोही. कॉलेज विकास समिति की बैठक में चर्चा करते पदाधिकारी।